# एयरपोर्ट विस्तार के लिए मिलेगी 303 एकड़ जमीन

## एमओयू

रांची, वरीय संवाददाता। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण परियोजना के लिए राज्य सरकार के द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को 303.62 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसको लेकर सोमवार को झारखंड सरकार और विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच समझौता हुआ।

एमओयू के दौरान राज्य सरकार की ओर से नागर विमानन प्रभाग के उप-सचिव अखिलेश कुमार सिन्हा और प्राधिकरण की ओर से एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। इसी क्रम में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के विस्तारीकरण के निमित्त एक और एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत राज्य सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पक्ष में कुल 303.62 एकड़ भूमि का हस्तांतरण किया जाएगा। जिसके प्रथम चरण में 301.12 एकड़ भूमि हस्तांतरित होगी। मौके पर कैप्टन एसपी सिन्हा व सहायक महाप्रबंधक दीपक कुमार मौजूद थे।



झारखंड सरकार और विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच सोमवार को हुआ समझौता।

**सरकार के एयरबेस निर्माण के लिए एयरपोर्ट देगा लीजः** दूसरी ओर राज्य सरकार के एयर बेस के निर्माण के लिए एएआई के द्वारा 2.59 एकड़ भूमि लीज पर राज्य सरकार को दी जाएगी। ज्ञात हो कि विस्तारीकरण के लिए तत्काल हस्तांतरित की जाने वाली 301.12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण राज्य सरकार द्वारा कर लिया गया है। इसमें 273.78 एकड़ भूमि एक रुपये की वार्षिक दर पर 30 वर्षों की लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। शेष 27.34 एकड़ भूमि सेना की 27.31 एकड़ भूमि से बदलने के लिए स्वामित्व के आधार पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

**301.12** एकड़ भूमि हस्तांतरित होगी प्रथम चरण में

**2.59** एकड़ भूमि राज्य सरकार के एयर बेस के निर्माण को एएआई देगा

### उपलब्ध कराई जमीन पर होंगे ये नये काम

■ रनवे का विस्तार ■ एप्रॉन संबंधी सुविधा ■ वर्तमान संचालित टर्मिनल भवन का विस्तार ■ नए टर्मिनल भवन का निर्माण ■ आईसोलेशन बे ■ कंट्रोल टावर ■ फायर स्टेशन ■ वाइड बॉबी एयरक्रॉफ्ट के संचालन के लिए नेव एड्स। ■ विजुअल एडस व ग्राउंड लाइटिंग की सुविधा को अपग्रेड किया जाएगा